तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 बालिकाओं ने प्रस्तुत किया नृत्य ...



12 संयंत्र ने मनाया खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह



## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन क्लीन स्वीप पर पुलिस ने की कार्रवाई





**बलौदाबाजार।** जिला पुलिस ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान चला रही है। इसके लिए प्रत्येक थाना एवं चौकी में पृथक-पृथक पुलिस टीम का चयन किया गया है।इस अभियान में शराब बिक्री, अवैध चखना सेंटर का संचालन करने वाले कुल 184 के विरुद्ध की गई आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 647 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल के विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कारवाई की गई। शांति व्यवस्था बाधित करने वाले कुल 197 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। वहीं गुंडा एवं निगरानी बदमाशों के निवास स्थान पर जाकर सतत चेकिंग अब तक 450 लोहे के चुड़ा, कड़ा जब्त किया गया है।

## जांच-पड़ताल : किसानों से लिया फीडबैक, अधिकारियों को दिये जरूरी निर्देश

# धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे जिले के प्रभारी सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने सोमवार को जिला प्रवास के दौरान धान उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपार्जन केन्द्र में धान बेचने आए किसानों से चर्चा की और समस्या एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान बेचने में किसानों को कोई दिक्कत न हो तथा केन्द्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो।

प्रभारी सचिव ने पहले पलारी मण्डी का निरीक्षण किया, जहां धान बेचने आये ग्राम पहन्दा के किसान राजेंद्र कुमार वर्मा से धान बेचने एवं टोकन के सम्बन्ध में पूछताछ की। किसान ने बताया कि एप्प के माध्यम से टोकन कटाया है। टोकन लेने में कोई दिक्क़त नहीं हुईं, बल्कि घर बैठे हो जा रहा है। उन्होंने बताया कि 33 क्विंटल धान बेचने लाये हैं और सुगमता से धान की बिक्री हो गई। प्रभारी सचिव ने समिति प्रबंधक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिये। पलारी समिति अंतर्गत पलारी एवं पहन्दा के किसानों का पंजीयन किया है, जिसमें कुल 920 किसान पंजीकृत है। 17 नवम्बर के लिए 6 किसानों का टोकन कटा है जिससे 440 क्विंटल धान की खरीदी होगी।

इसके पश्चात प्रभारी सचिव ने उपार्जन केन्द्र अमेरा का निरीक्षण किया। अमेरा उपार्जन केन्द्र में नये केन्द्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे। उन्होंने धान खरीदी प्रक्रिया के बारे में पूछताछ कर जानकारी ली। नये समिति प्रबंधको एवं ऑपरेटरों को प्रशिक्षण देने एवं उनकी समस्या का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। प्रभारी सचिव ने उपार्जन केन्द्र में धान बेचने आए केसला के किसान महेन्द्र से धान बेचने को लेकर फीडबैक लिया। किसान ने बताया कि एप्प से टोकन लिया है और 44 क्विंटल धान बेचने लाए हैं। प्रभारी सचिव ने किसान से एप्प के माध्यम से टोकन लेने की प्रक्रिया भी पूछी। इस दौरान उन्होंने धान की नमी, डिजिटल तौल मशीन, बरदाने, हमाल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों से कहा कि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो इसके लिये प्रशासन पूरी व्यवस्था कर रही है। अमेरा समिति में 1393 किसान पंजीकृत है। 17 नवम्बर को 4 किसानों का टोकन कटा है जिससे 164.40 क्विंटल धान खरीदी होगी।

### अटल सुविधा केन्द्र का किया उद्घाटन

प्रभारी सचिव परदेशी ने इसके पश्चात ग्राम छेरकापुर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ नवनिर्मित भवन में अटल सुविधा केन्द्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र संचालक से केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली, वहीं उपस्थित समूह की महिलाओं से आजीविका गतिविधियों के सम्बन्ध में पूछताछ करते हुए बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अवध राम टंडन, एस डीएम दीपक निकुंज सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# वेयर हाउस से निकला ट्रक सोसायटी पहुंचने तक 140 किलो चावल हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर







- सरपंच और ग्रामीणों ने चोरी की जतायी आशंका

ग्राम भिनोदा ग्राम पंचायत में पीडीएस चावल चोरी का मामला उजागर हुआ है। ग्रामीणों ने इस कमी को चावल चोरी का शंका जतायी है। जानकारी के अनुसार वेयरहाउस बंदारी से ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 1016 ओनर– जनम ट्रांसपोर्ट एंड कॉन्ट्रेक्टर द्वारा भेजे गए चावल में लोडिंग से लेकर अनलोडिंग तक कई स्तर पर संदिग्ध गड़बड़ी सामने आई है। वियरहाउस में जहां 30,100 किलोग्राम चावल तौल किया गया था, वहीं ट्रक के मौके पर पहुंचने पर वजन घटकर 29,960 किलोग्राम पाया गया। यह 140 किलोग्राम का अंतर आ गया। इसके बाद जब भिनोदा सोसायटी में 386 बोरी चावल खाली कराया गया तो वजन के हिसाब से 19,300 किलोग्राम चावल मिलना चाहिए था, लेकिन खाली ट्रक का वजन दोबारा कराने पर यह आंकड़ा मात्र 19,160 किलो निकला। इस प्रकार लोडिंग से वितरण तक कुल 140 किलो चावल गायब मिला, जो कि पीडीएस चावल चोरी के संगठित नेटवर्क की ओर इशारा करता है।

सरपंच एवं ग्रामीणों का कहना है कि यह चोरी कोई नई नहीं है, जून में भी इसी तरह चावल चोरी कर बेचते हुए ट्रक चालक पकड़ा गया था, जिसका वीडियो रिकॉर्डिंग ग्रामीणों ने स्वयं किया था। कलेक्टर द्वारा तत्काल जांच के आदेश के बावजूद आज तक न तो किसी तरह की कार्रवाई की गई और न ही रिपोर्ट सार्वजनिक हुई, जिससे संदेह और गहरा गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जांच कर कार्रवाई की मांग की

सरपंच एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कठोर जांच की मांग की है, साथ ही वियरहाउस से सोसायटी तक डिजिटल वेटिंग सिस्टम, ट्रकों में जीपीएस ट्रैकिंग, और पुराने सभी मामलों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि जब तक जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक गरीबों का हक चोरी होकर बाजारों में बिकता रहेगा।

# कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारियों ने पूर्ण वेतन के लिए किया आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी कल्याण संघ तथा राष्ट्रीय संगठन फोरम ऑफ केवीके एंड एआईसीआरपी के संयुक्त आह्वान पर एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल आयोजित की गई।

यह हड़ताल विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लंबे समय से लंबित वैधानिक सेवा लाभों, पूर्ण वेतन प्रदाय, एनपीएस-जीपीएफ बहाली, मेडिकल भत्ते, सीएएस, उच्च वेतनमान, सेवा निवृत्ति आयु निर्धारण एवं अन्य अत्यावश्यक कर्मचारी-हित संबंधी विषयों पर उचित एवं सकारात्मक कार्यवाही नहीं किए जाने के विरोध में की गई।

कर्मचारियों ने बताया कि वे समयबद्ध पूर्ण वेतन, वैधानिक भत्तों एवं सेवा-लाभों की बहाली की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। विश्वविद्यालय अधिनियम एवं आईसीएआर के साथ हुए एमओयू के अनुरूप सभी सेवा अधिकार प्रदान किया जाना अनिवार्य है। राष्ट्रीय संगठन द्वारा भी 30 नवम्बर तक समाधान नहीं होने पर पूरे देश में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। हड़ताल पूर्णतः अनुशासित एवं मर्यादित स्वरूप में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य केवल कर्मचारियों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा एवं न्यायसंगत समाधान की मांग है।

# पैसों के लेन देन पर विवाद मारपीट, आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



अपना दिया हुआ उधारी पैसा मांगना एक परिवार को भारी पड़ गया। दूसरे पक्ष ने पीड़ित परिवार के सभी सदस्यों को जमकर पीटा। पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जेल भेजा है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार कि प्रार्थी पोषण कुमार पिता दिनबंधु महिलांगे निवासी ग्राम दर्री थाना नांदघाट जिला बेमेतरा ने सिमगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपनी पत्नी उत्तरी बाई, समधी राजेन्द्र दिलीप, सास लैयना बाई एवं मेरा पुत्र छन्नू लाल महिलांगे के साथ ग्राम अडबंधा अपने ससुराल आये हुए थे। प्रार्थी एवं उसका परिवार रात्रि को अपने डेढसाला कैलाश गायकवाड़ के यहां रुके थे। 9 नवंबर की शाम 4 बजे अगमदास दिवाकर के यहां जाकर उधारी पैसा वापस करने की बात कही, लेकिन उनके द्वारा पैसों के देने में टालमटोल करने लगा।

इसी बात को लेकर ग्राम अडबंधा के सरपंच, कोटवार एवं अन्य ग्रामीणजनों द्वारा बैठक बुलायी गई। बैठक में दोनों पक्षों का कोई हल नहीं निकला, तब अगमदास दिवाकर ने प्रार्थी को अपने घर के आंगन में बैठकर बात करने की बात कही, जिस ▶▶ शेष पेज 11 पर

### आरोपियों ने घर बुलाकर की मारपीट

लेकिन लेनदेन की बात को लेकर अगमदास दिवाकर, हिरऊदास दिवाकर, धरम दास दिवाकर व उसके परिवारजनों अश्लील गाली देने लगे, जिसे गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए अगमदास एवं धरमदास दोनों बांस के डंडा तथा हिरऊदास दिवाकर एवं उनके परिजन के हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। तब मेरा समधी राजेन्द्र दिलीप व पुत्र छन्नू महिलांगे बीच बचाव करने आया तो उसे भी मारपीट किये। मारपीट करने से मेरे सिर में, मेरा लड़का छन्नू महिलांगे के बायां बांह में एवं समधी राजेन्द्र दिलीप के सिर, बाये जांघ में चोट लगी है।

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# पंचायतों को सौंपी गई पीडीएस दुकान संचालन की जिम्मेदारी

**बलौदाबाजार।** सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल में जाने के कारण कुछ विक्रेताओं द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को नहीं खोला जा रहा है। ऐसे पीडीएस दुकानों के सुचारु संचालन हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के लगभग 100 दुकानों को संचालन हेतु पंचायतों को जिम्मेदारी दी गई है। जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बलौदाबाजार के 27, कसडोल के 50, भाटापारा के 20 एवं सिमगा के 3 पीड़ीएस दुकानों का संचालन पंचायतों को दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा पीड़ीएस दुकानों का समय पर खुलने एवं पात्र हितग्राहियों को खाद्यान सामग्री वितरण हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### 'परम जीवन के सरल सूत्र' पुस्तक का किया लोकार्पण

**रायपुर।** शांतिनगर के मधु पिल्ले चौक पर स्थित विमतारा भवन में रविवार को वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. एचपी सिन्हा द्वारा रचित प्रेरणादायी पुस्तक 'परम जीवन के सरल सूत्र' का लोकार्पण समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह पुस्तक अध्यात्म पथिकों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। विशिष्ट अतिथि पवन साय ने भी पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी पुस्तकें सभी जिज्ञासुओं के लिए मार्गदर्शक का कार्य करती हैं। इसी दौरान डॉ. सिन्हा ने कहा कि यह रचना आत्मबोध और आनंद एवं शांति से परिपूर्ण जीवन प्राप्त करने में अत्यंत सहयोगी होगी। डॉ. मनीषा सिन्हा ने डॉ. सिन्हा के आध्यात्मिक, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला और डॉ. गीतेश अमरोहित ने मुख्य वक्ता के रूप पुस्तक की विस्तार से समीक्षा की। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन में अजंता चौधरी, महेंद्र तिवारी, दीपक व्यास, प्रवीण गोलछा एवं शुभ्रा ठाकुर ने विशेष भूमिका निभाई।

### गुरु घासीदास जयंती की तैयारी में जुटा समाज



**रायपुर।** गुरु घासीदास जयंती, शोभायात्रा व युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को न्यू राजेंद्रनगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की बैठक हुई, जिसमें चार दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर समाजजनों को अपने सबसे बड़े त्योहार व शोभायात्रा की तैयारी में जुट जाने का आव्हान किया गया। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि राजधानी में आगामी 16 दिसंबर को परंपरानुसार आमापारा प्लाजा से पंथी व गुरुजी के संदेशों को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक झांकियों के साथ सात श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगवाई में विशाल शोभायात्रा निकलेगी। 17 दिसंबर को महिलाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 18 दिसंबर को जन्मोत्सव पर ध्वजारोहण, पंथी नृत्य, संगोष्ठी व अलंकरण समारोह जैसे कई आयोजन होंगे। 4 जनवरी को शहीद स्मारक भवन में राष्ट्रस्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम होगा, जिसमें देशभर से प्रतिभागी शामिल होंगे। बैठक में शकुन डहरिया, डॉ. जेआर सोनी, डीएस पात्रे, सुंदर लहरे, आरके गेंदले, सुंदरलाल जोगी, जीआर बाघमारे, कपिल नारायण भारद्वाज, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### सहकारिता के माध्यम से ही संभव है ग्रामीणों का विकास

**रायपुर।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ मर्यादित नई दिल्ली द्वारा प्राप्त कार्यक्रम अनुसार राज्य में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ और जिला सहकारी संघ द्वारा 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को तृतीय दिवस का कार्यक्रम जिला संघ चौबे कॉलोनी में सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास को गति देना विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में पुरुषोत्तम सोनी जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक द्वारा विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भारत के ग्रामीण कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिसमें खंडित भूमि, जो मौसम और अनौपचारिक रोजगार, कृषि मूल्य का कम मूल्यांकन, बाजारों तक सीमित पहुंच है। सहकारी समितियां संसाधन को एकत्रित करने, लेन-देन की लागत कम करने, जोखिम साझा करने और उत्पादक व ग्रामीण सेवा प्रदाताओं के लिए सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति निर्मित करने का साधन हैं, जिसके द्वारा ग्रामीण, कृषकों एवं महिलाओं के आर्थिक विकास को मजबूत किया जा सकता है।

# प्राचार्य काउंसिलिंग फिर अटकी, 72 घंटे तक दावा आपत्ति, समिति करेगी निपटारा, फिर मिलेगी पदोन्नति

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के प्राचार्यों की पदोन्नति पर एक बार फिर रोक लग गई है। इस बार लोक शिक्षण संचालनालय ने अवकाश के दिन आदेश जारी कर इसे स्थगित किया है। अप्रैल माह में प्रदेश के 1478 प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं की सूची जारी की गई थी, जिन्हें प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया जाना था। उस वक्त एक व्याख्याता ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका दायर किए जाने के कारण न्यायालय ने पदोन्नति पर स्टे लगा दिया था। कुछ दिनों पूर्व अंतिम निर्णय सुनाते हुए पदोन्नति को सही ठहराया गया और काउंसिलिंग पर लगे स्टे को हटाया गया। लोक शिक्षण संचालनालय ने काउंसिलिंग के लिए 17 से 19 नवंबर का समय निर्धारित किया था। अब इसे भी स्थगित कर दिया गया है। जिन 1478 प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं को पदोन्नति दी जानी है, उनमें से 126 पदोन्नत प्राचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं और इस महीने 24 प्राचार्य रिटायर होंगे।

## अप्रैल माह में दी गई थी 1478 प्राचार्यों को पदोन्नति, मामला कोर्ट में होने के कारण नहीं दी गई

### तत्काल करें आपत्तियों का निराकरण

विभिन्न शिक्षक संघ ने भी पारदर्शिता के साथ तत्परता बरतने की मांग की है। छग शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, पहले ही पदोन्नति में विलंब हो चुका है। शासन से आग्रह है कि तत्काल आपत्तियों का निराकरण करें, ताकि नवंबर माह में जो साथ रिटायर हो रहे हैं, उन्हें लाभ मिल सके। वहीं शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा, प्राचार्य पदोन्नति में कुछ व्याख्याता अपनी प्रथम नियुक्ति छुपाकर गलत तरीके से अपना पदोन्नति लिस्ट में स्थान पाने में सफल हुए है। पदोन्नति लिस्ट को परीक्षण करने के पश्चात हो काउंसलिंग किया जाए।

### 21 को रिपोर्ट देगी कमेटी

डीपीआई द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार, कुछ प्राचार्यों ने दावा-आपत्ति में अपना पक्ष रखने निवेदन किया है। इसके आधार पर काउंसिलिंग स्थगित कर दी गई है। वे लोक शिक्षण संचालनालय में 17 से 19 नवंबर तक पक्ष रख सकेंगे। अन्य शिक्षक, व्याख्याता अथवा प्रधान पाठक भी इस अवधि में दावा आपत्ति पेश कर सकेंगे। इन दावा आपत्तियों के निपटान के लिए कमेटी गठित की गई है, जिसे 21 नवंबर तक डीपीआई को रिपोर्ट देनी होगी। कमेटी में उप संचालक बीए देवांगन, सहायक संचालक एससी दिलावर व राम जी पाल सहित सूरज यादव व कृष्ण मेश्राम के नाम शामिल हैं।

### मामला... तब और अब

गौरतलब है कि पूर्व में जिस याचिकाकर्ता की याचिका के कारण पदोन्नति अटकी थी, उसे कुछ वर्ष पूर्व प्राधन पाठक से व्याख्याता के पद पर पदस्थ किया गया था। प्रधानपाठक और व्याख्याताओं को उनकी वरिष्ठता के आधार पर प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया जाना है। याचिकाकर्ता वरिष्ठता प्रधान पाठक के पद के स्थान पर व्याख्याता पद के आधार पर तय की गई। इस कारण प्राचार्य सूची में उसका नाम नहीं आ सका। इसके विरोध में उसके न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अब पदोन्नत किए गए प्राचार्यों की सूची पर कई शिक्षकों ने दावा-आपत्ति पेश करने निवेदन किया है। आवेदनों की संख्या को देखते हुए अब दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी। इनके निपटान के बाद पदोन्नत प्राचार्य की अंतिम सूची जारी होगी, जिन्हें काउंसिलिंग के बाद पोस्टिंग दी जाएगी।

## रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल, सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से परेशान हो रहे आमजन

# कड़ाके की ठंड से ठिठुरन बढ़ी, इलेक्ट्रॉनिक अलाव नगर निगम की आलमारी में बंद

*अगहन महीने में कड़ाके की ठंड के चलते प्रदेशभर में शीतलहर से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रायपुर में भी सुबह और देर शाम ठिठुरन बढ़ने से लोगों को अलाव की जरूरत महसूस होने लगी है। वहीं शहरवासियों को राहत दिलाने निगम प्रशासन ने अब तक शहर में अलाव की व्यवस्था नहीं की है। लोगों को नगर निगम के अलाव का इंतजार है।*

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, आमापारा सब्जी बाजार, शास्त्री बाजार, अस्पताल सहित सार्वजनिक स्थलों पर लोग ठंडी हवा से परेशान हैं। उन्हें ठिठुरन से राहत दिलाने नगर निगम ने अब तक कोई व्यवस्था नहीं की है। दस जोन कमिश्नरी में शहरवासियों को ठंडक से राहत दिलाने वाली इलेक्ट्रॉनिक सिगड़ी अभी भी जोन दफ्तर की आलमारी से बाहर नहीं निकल पाई है। करीब दर्जनभर सिगड़ी से नगर निगम लोगों को ठंड से राहत दिलाने का इंतजाम करता है। ऐसे में निगम अफसरों की उदासीनता के चलते लोग सर्दी के मौसम में ठिठुरने मजबूर हैं। खासकर के राहगीर, कामकाजी लोग, ठेला, रिक्शा, गुमटी चलाने वाले, फेरी लगाने वाले, फुटकर व्यवसाय करने वालों को ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। हालत ये है कि नवंबर माह के दूसरा पखवाड़ा शुरू होने के बाद भी रायपुर नगर निगम ने शहर की दो दर्जन जगहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की है। इससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

**खास बातें**

- जोन दफ्तरों की आलमारी में बंद पड़ी है इलेक्ट्रानिक सिगड़ी, अब तक निगम प्रशासन ने जारी नहीं किए आदेश
- लकड़ी और गोबर के कंडे से अलाव जलाने का सिलसिला सालों से बंद, प्रदूषण का हवाला



### इन स्थानों पर अलाव की रहेगी व्यवस्था

गुढ़ियारी पड़ाव, खमतराई बाजार, आमापारा चौक, लाखेनगर चौक, पुरानी बस्ती, समता कालोनी अग्रसेन चौक, कबीर चौक रामनगर, भाठागांव बस स्टैंड चौक के पास, डगनिया बाजार चौक, भनपुरी बाजार चौक, गोगांव, पचपेड़ीनाका ब्रिज के पास, टिकरापारा क्षेत्र, टाटीबंध चौक, महोबाबाजार, शंकर नगर हाट-बाजार के पास, गांधी उद्यान, तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पास, जयस्तंभ चौक, शारदा चौक, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, सुंदर नगर चौक, रायपुरा ब्रिज के पास समेत अन्य चिन्हांकित क्षेत्र शामिल हैं।

### जल्द होगी अलाव की व्यवस्था

*राजधानीवासियों को ठंड से राहत दिलाने नगर निगम के 10 जोन क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों, बाजार क्षेत्रों और चिन्हांकित इलाकों में अलाव की व्यवस्था जल्द की जाएगी। इसके लिए सभी जोन कमिश्नरों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।*

*- मीनल चौबे, महापौर ननि रायपुर*

### गोबर के कंडे और लकड़ी से

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व में गोठानों के माध्यम से गोबर से बने कंडे और गोकाष्ठ महिला समूहों से क्रय कर शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाती थी। अलाव जलने से देर शाम कामकाज के सिलसिले में आने-जाने वालों, मुसाफिरों और जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिलती थी। वहीं आसपास के लोग भी सामूहिक रूप से अलाव तापने एक जगह इकट्ठे हुआ करते, पर बाद में गोकाष्ठ और कंडे जलाने से पर्यावरण प्रदूषण होने का हवाला देते हुए इसकी जगह जोन के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक सिगड़ी से लोगों को ठंड से राहत दिलाने का इंतजाम शुरू किया गया।

#### कहा- धान खरीदी को पर्व के रूप में मनाएं

## कलेक्टर ने ली धान खरीदी की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिले में धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। जिले के 139 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसानों के बैठने के लिए विश्राम गृह, पीने के पानी एवं शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने धान खरीदी केंद्रों में लगाए गए नोडल अधिकारी एवं समिति प्रबंधकों, पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी और पंचायत सचिव इत्यादि की बैठक ली। डॉ. सिंह ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि धान खरीदी वर्तमान शासन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। धान खरीदी को हम पर्व की तरह मनाएं, इस कार्य में योगदान देने वाले सारे अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से इसे क्रियान्वित करें। हम सब एक परिवार की तरह हैं। पहले भी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, अभियान और कार्य को हमने सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है, इसे भी मिलकर अच्छे से करेंगे। धान खरीदी केंद्रों में हरसंभव व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मार्गदर्शन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि तकनीकी सहायता से लिए जिला प्रशासन द्वारा तकनीकी सहायता के लिए प्रशिक्षण वीडियो भी तैयार किया जा रहा है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि धान खरीदी के कार्य को सारे विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर पुलिस को सूचित करें। इस कार्य पर बाधा डालने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### धान खरीदी में बाधा डाली, 4 कर्मियों पर एफआईआर

**रायपुर।** जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है, वहीं सहकारी समितियों के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने धान खरीदी में बाधा पहुंचाने वाले कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके चलते सहकारी समिति प्रबंधकों ने चार कर्मचारियों कौशल शर्मा, बृजमोहन देवांगन, रामकुमार वर्मा एवं पोषण लाल धुरंधर के खिलाफ एस्मा के तहत एफआईआर दर्ज कराई है।

## पहले दिन जितनी खरीदी, अब तक उतनी ही मात्रा में अवैध परिवहन करते धान जब्त



हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व से ही प्रदेश में अवैध परिवहन से आने वाले धान की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पिछले 1 से 16 नवंबर तक लगभग 19 हजार 320 क्विंटल धान जब्त किया गया है। संयोग की बात है कि 15 नवंबर को प्रदेश में धान खरीदी के पहले दिन लगभग 19464 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। मार्कफेड द्वारा राज्य में अवैध परिवहन के जरिए अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आने वाले धान को रोकने के लिए राज्य के सीमावर्ती जिलों में चेकपोस्ट और कलेक्टर की अध्यक्षता में टॉस्कफोर्स भी बनाई गई है। मार्कफेड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 1 से 16 नवंबर की अवधि में सीमावर्ती विभिन्न जिलों से छत्तीसगढ़ राज्य में अवैध परिवहन के माध्यम से आने वाले धान में सर्वाधिक महासमुंद जिले में 4266 क्विंटल धान जब्त किया गया है। वहीं बलरामपुर जिले में 4139 क्विंटल, सूरजपुर जिले में 1750 क्विंटल, रायगढ़ जिले में 1201 क्विंटल, जशपुर जिले में 1157 क्विंटल, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में 967 क्विंटल, कोण्डागांव जिले में 869 क्विंटल, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 687 क्विंटल, राजनांदगांव 607 क्विंटल, मुंगेली में 490 क्विंटल, बलौदाबाजार में 386 क्विंटल, बिलासपुर में 273 क्विंटल समेत अन्य जिलों में भी धान जब्त किया गया।

### कोंडागांव में 231 क्विंटल धान जब्त

उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पूर्व प्रदेश में अवैध धान परिवहन और संग्रहण पर सख्त निगरानी जारी रखते हुए रविवार को दो महत्वपूर्ण कार्रवाईयां की गईं। मार्कफेड के इंटीग्रेटेड कंट्रोल सिस्टम से प्राप्त 600 बैग (231.5 क्विंटल) अवैध धान संबंधी अलर्ट पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कोंडागांव जिले की टीम ने मौके पर पहुंचकर धान जब्त किया। सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ाए जाने और त्वरित अलर्ट-रिस्पॉन्स सिस्टम की बदौलत अन्य राज्यों से धान की अवैध आमद को रोकने में प्रभावी सफलता मिल रही है।

### घर के बाहर बने शेड से 222 कट्टा धान बरामद

इसी क्रम में रात्रि गश्त के दौरान ग्राम त्रिशूली थाना सनवाल क्षेत्र में अशोक सिंह पिता रामचरित्र के घर के बाहर बने शेड में दो अलग-अलग स्थानों पर कुल 222 कट्टा धान पाया गया। विवाद की स्थिति को देखते हुए दिन में पुनः तहसीलदार रामचंद्रपुरपुर, थाना प्रभारी सनवाल, महिला पुलिस तथा मंडी कर्मचारियों की मौजूदगी में विस्तृत जांच की गई और धान की विधिवत जब्ती की कार्रवाई पूरी की गई।

### पुलिस और जिला प्रशासन कर रहे कार्रवाई

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मार्कफेड द्वारा धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए एकीकृत कंट्रोल सेंटर के माध्यम से रियल-टाइम निगरानी की जा रही है। साथ ही अवैध परिवहन के माध्यम से राज्य में आने वाले धान को रोकने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है।

#### वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक भेजी गई

## डॉग बाइट की घटनाओं में बढ़ोतरी स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंची एंटी रैबीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



जिले में बढ़ रही डॉग बाइट की घटनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी रैबीज वैक्सीन की अतिरिक्त सप्लाई की गई है। पीएचसी, सीएचसी के साथ जिला अस्पताल में भी दवा का अतिरिक्त स्टॉक भेजा गया है। इसके अलावा सीजीएमएससी के गोदाम में भी अतिरिक्त स्टॉक रखा गया है। रायपुर जिले में कुत्ते के काटने की घटनाएं काफी अधिक होती हैं और अब तक केस 13 हजार के लगभग हो गए हैं।

- पीएचसी, सीएचसी के साथ जिला अस्पताल में सप्लाई, गोदाम में भी रिजर्व

रैबीज की आशंका को कम करने और आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इधर डॉग बाइट का शिकार होने वालों को रैबीज के संक्रमण से बचाने के लिए पर्याप्त संख्या में एंटी रैबीज वैक्सीन रखने की व्यवस्था की गई है। पिछले दिनों कुछ स्वास्थ्य केंद्रों में रैबीज वैक्सीन का स्टॉक समाप्त होने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद विभागीय हलचल हुई और प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में इस वैक्सीन की अतिरिक्त डोज पहुंचाई गई है। साथ ही रायपुर जिले के कोटे में सीजीएमएससी के गोदाम में 15 हजार से ज्यादा वैक्सीन स्टॉक में रखी गई है। डॉग बाइट का शिकार होने वालों को रैबीज से बचाव के लिए शेड्यूल के हिसाब से चार डोज लगाए जाते हैं। डॉग बाइट के मामले में रायपुर जिला काफी संवेदनशील रहा है।

#### कोर्ट केस करने पर महिला को उठवा लेने की धमकी

## सब्जी विक्रेता ने महिला से की साढ़े पांच लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टिकरापारा थाने में एक महिला ने सब्जी बेचने वाले के खिलाफ 5.40 लाख रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने महिला को सब्जी खरीदने आने के दौरान अपने जाल में फंसाकर ठगी की घटना को अंजाम दिया। जालसाज ने महिला को समिति का सदस्य बनाकर मुनाफा देने का झांसा दिया और ठगी का शिकार बनाया। झांसे में लेने जालसाज ने महिला को बीच-बीच में मुनाफा बताकर पैसे भी दिए।

- महिला को समिति का सदस्य बनाकर झांसे में लिया

संतोषी नगर निवासी पुष्पा नामदेव उर्फ डॉली ने राजू बाघ के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह राजू के ठेले पर सब्जी खरीदने के लिए जाती थी। सब्जी खरीदने के दौरान जालसाज ने महिला को बीएसयूपी कॉलोनी में सहारा जनसेवा कल्याण समिति के नाम से खुद की संस्था संचालित करने का झांसा दिया।




### ऐसे दिया ठगी को अंजाम

महिला ने पुलिस को बताया कि राजू ने उसे लोगों की स्किल डेवलपमेंट कर रोजगार उपलब्ध कराने के साथ पैसे निवेश करने वालों को मुनाफा दिलाने का झांसा दिया और पुष्पा को अपनी समिति का सदस्य बनाया। साथ ही महिला को मुनाफा दिलाने एक लाख रुपए जमा कराए। महिला के अनुसार, उसने अलग-अलग किस्तों में सात लाख रुपए से ज्यादा रकम राजू के अकाउंट में जमा कराई। रकम जमा करने के एवज में महिला को राजू ने मुनाफे की रकम ट्रांसफर की।

### पैसे मांगने पर मोबाइल बंद, धमकाया भी

*महिला राजू के संपर्क में 2024 में आई थी। महिला ने राजू से अपनी निवेश की गई रकम वापस लौटाने को कहा, इस पर पहले राजू टालमटोल करने लगा। कुछ दिनों के बाद राजू ने अपना मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद महिला ने राजू के बारे में जानकारी जुटाई तो उसे राजू द्वारा किसी तरह से कोई संस्था नहीं चलाए जाने की जानकारी मिली। महिला ने पैसे वापस लौटाने राजू पर दबाव बनाया और उसके खिलाफ थाने तथा कोर्ट में केस करने की बात कही तो राजू ने महिला के साथ गाली-गलौज कर उसे उठवा लेने की धमकी देते हुए रकम लौटाने से इंकार कर दिया।*

#### एसआईआर के प्रदेश प्रभारी जामयांग ने ली बैठक

## नामग्याल बोले- एसआईआर से देश का लोकतांत्रिक ढांचा होगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद और एसआईआर के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी जामयांग त्सेरिंग नामग्याल ने कहा, एसआईआर भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करेगा। इस काम को निर्वाचन आयोग कर रहा है। विपक्ष इसको लेकर क्या बोल रहा है, इसका महत्व नहीं है। आयोग अपना काम कर रहा है। पहले भी देश में एसआईआर का काम हुआ है। भाजपा इस कार्य में अपने बीएलए के जरिए यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से छूट न जाए और अपात्र व फर्जी मतदाता इस सूची में रह न जाए। श्री



नामग्याल ने रविवार को यहां कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश एसआईआर टोली की बैठक में कहा, एसआईआर की दृष्टि से नक्सली क्षेत्रों में आने वाली दिक्कतों के लिए भी रणनीतिक तैयारी करना है। एसआईआर देश में कोई पहली बार नहीं हो रहा है। देश में चुनावी प्रक्रिया के शुद्धिकरण और सशक्तिकरण के लिए चुनाव आयोग यह काम कर रहा है।

### ये रहे बैठक में

बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, विधायक अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, प्रदेश मंत्री अमित साहू, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा, खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, एसआईआर प्रदेश कार्यालय प्रभारी मोहन पवार, प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही, आईटी प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, वैभव वैष्णव, आलोक मेढ़ी, मनीष श्रीवास्तव, मुकेश तिवारी, अंकित द्विवेदी, वात्सल्य मूर्ति सहित एसआईआर टोली के सदस्य उपस्थित थे।

## हिन्दू राष्ट्र मोर्चा यात्रा समाज को एकजुट करने का दिया संदेश



**रायपुर।** दंतेवाडा से चार दिवसीय निकली हिन्दू राष्ट्र मोर्चा यात्रा शुक्रवार को रायपुर पहुंची। यह यात्रा शिवसेना नेता धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में सनातन धर्म की एकता और हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा को मजबूत करने के लिए निकली गई है। इसके बाद शिवसेना के प्रदेश कार्यालय चौबे कॉलोनी में समापन राष्ट्र मोर्चा यात्रा निकाली गई हैं। इस मोर्चा में सैकड़ों शिवसैनिक शामिल हुए, जो जाति-पाती भेदभाव को मिटाकर हिंदू समाज को एकजुट करने का संदेश दिया गया। यह जानकारी शिवसेना के महासचिव संजय नाग ने देते हुए बताया कि यह यात्रा 11 नंबवर को दंतेश्वरी माता मंदिर से पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ की गई, जो कि दंतेवाड़ा से गिदम, जगदलपुर, कोण्डागांव, फरसगांव, केशकाल घाटी होते हुए कांकेर, भानुप्रतापपुर होते हुए चारामा, धमतरी से कुरूद, अभनपुर पचपेड़ी नाका होते हुए गांव-गांव गली-गली में जाकर नुक्कड़ -नुक्कड़ जाकर हिंदुओं को जगाने का काम किया गया।

## खबर संक्षेप




### रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल को दी करारी शिकस्त

**महासमुंद।** टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी-1 क्रिकेट प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम में खेला जा रहा है। 17 नवंबर के प्रथम मैच में रिवरडेल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। आत्मानंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 72 रन बनाए। आत्मानंद स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए कृष्णा ने 16 रन का योगदान दिया। रिवरडेल स्कूल के तरफ से गेंदबाजी में प्रियांश चौरसिया ने 2 विकेट प्राप्त किया। जवाब में 73 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रिवर डेल स्कूल की टीम ने 2.3 ओवर में इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। रिवर डेल स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी में नमन यादव ने 46 रनों की शानदार पारी खेली। रिवर डेल स्कूल ने 9 विकेट से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच नमन यादव रहे! प्रतियोगिता के आज खेले गए दूसरे मैच में रिवर डेल स्कूल ने गुड शेफर्ड स्कूल को 8 विकेट से मात देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अंतिम 4 स्कूल टीम रिवरडेल, वेडनर मेमोरियल, स्वामी आत्मानंद एवं शिशु संस्कार सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई। अब इन टीमों के मध्य सेमीफाइनल मैच का मुक़ाबला होगा। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच एवं फाइनल मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा।

### बिना अनुमति मजदूरों को बाहर भेजने के प्रयास पर श्रम विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले में मजदूरों को बिना अनुज्ञप्ति एवं पलायन पंजी में दर्ज किए बगैर बाहर भेजने वाले दलालों पर जिला प्रशासन ने कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में 16 नवंबर को श्रम विभाग की कार्रवाई के बाद थाना बसना में आरोपी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। 16 नवंबर को श्रम विभाग टीम को सूचना मिली कि समीर खान निवासी बसना द्वारा 22 ग्रामीण मजदूरों को अधिक मजदूरी का लालच देकर उत्तर प्रदेश स्थित ईंट भट्ठे में भेजने की तैयारी कर रहे हैं। श्रम विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर 22 मजदूरों से पूछताछ की। इस दौरान मजदूरों ने अपना अनिल चौहान, भवानी चौहान, रेवशंकर चौहान, रायमोती चौहान, गुरूदयाल कंवर बुटुकवर निवासी ग्राम उमरिया सरायपाली बताया और अग्रिम धन एवं अधिक मजदूरी दिलाने के नाम पर उन्हें बाहर ले जाए जाने की बात स्वीकार की। कार्रवाई के दौरान टीम में श्रम कल्याण निरीक्षक दानेश्वर साहू, सहायक ग्रेड 03 राकेश प्रधान, मुकेश कुमार साहू, लेखापाल हिमालय चंद्राकर मौजूद थे। मामले में श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल की शिकायत पर थाना बसना में आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

## खरीदी : समय पर टोकन और धान बेचा, नहीं हुई कोई परेशानी

# पहले दिन हुई 149 कट्टा धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बंगोली

क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। प्रथम धान खरीदी मुरारी वर्मा कुर्रा 144 कट्टा, संतोष टंडन बरौंडा 5 कट्टा धान की खरीदी की गई।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों की धान खरीदी को राज्य शासन ने अत्यावश्यक सेवा अधिनियम एस्मा के तहत शामिल किया है, साथ ही धान खरीदी मे संलग्न कर्मचारी खरीदी मे अनियमितता पाये जाने पर गंभीरता से लेते हुए एफआईआर की कार्यवाही की जाएगी। धान खरीदी उपार्जन केन्द्र में 14 से 17 प्रतिशत से अधिक नमी का धान नहीं खरीदे जाएंगे।

उपस्थित नोडल अधिकारी रुखमणी मिंज, सुवेश आनंद कृषि विस्तार अधिकारी, जनपद अधिकारी अनुराग पांडेय, पंचायत सचिव राजिम ध्रुव, नरेश निर्मलकर रोजगार सहायक के उपस्थिति में धान खरीदी किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि व कृषक सर्वप्रथम बंगोली सरपंच उत्तम वर्मा, बरौंडा सरपंच प्रतिनिधि व बड़े कृषक दाऊ प्रदीप मढ़रिया, भुवनेश्वर खूटे सरपंच कुर्रा, सहकारी समिति बंगोली अध्यक्ष विरनारायण देवॉगन, हनुमान प्रसाद नायक पूर्व बैंक व्यवस्थापक, कृषक-कुबेर हनुमंता, सत्येश बर्मा, डोमन नायक सहित अन्य उपस्थित थे।



### जोरा में धान खरीदी का शुभारंभ

गिरसानाला। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान सोमवार को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। जोरा में सोसायटी अध्यक्ष रेवती लाल चंद्र, दीनानाथ साहू कृषि विस्तार अधिकारी ने केन्द्रों में पहुंच कर धान खरीदी का इलेक्ट्रॉनिक मशीन की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। धान खरीदी के पहले दिन 110 कट्टा धान खरीदी गई। कार्यक्रम में रेतीलाल चंद्रा ने कहा की पारदर्शी प्रक्रिया धान खरीदी और समय पर भुगतान का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर बीडीसी सुनीति साहू, जुनवानी उपसरपंच ईश्वर लाल साहू, जुनवानी उपसरपंच ईश्वर लाल साहू, रोहिना सरपंच, सुदर्शन जोरा सरपंच सहित किसान उपस्थित थे।



### किसान छबिलाल ने की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नीति की सराहना

**महासमुंद।** ग्राम राजाडीह के मेहनतकश किसान छबिलाल बारी आज गर्व और संतोष से भरे हुए हैं। आज उनके 176 क्विंटल धान का टोकन कट चुका है, और यह पल उनके लिए सिर्फ धान उपार्जन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की मेहनत का सम्मान है। धान उपार्जन केंद्र जंगलबेड़ा, सराईपाली में धान बेचने पहुंचे किसान छबिलाल बारी बताते हैं कि यहां पूरा कार्य सुचारू और पारदर्शी ढंग से हुआ। समय पर पूरी प्रक्रिया में एक भी परेशानी नहीं हुई। समय पर टोकन मिला और केंद्र में व्यवस्था बहुत अच्छी थी। वे कहते है इस वर्ष राज्य शासन की धान खरीदी नीति ने किसानों को नई ताकत दी है। छबिलाल बारी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी और समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने का निर्णय किसानों के लिए एक बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि यह नीति किसानों के हितों की रक्षा और हमारे भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध भी बनाता है। छबिलाल कहते है सरकार की इस नीति से हम जैसे किसान मजबूत होंगे, हमारी आय बढ़ेगी और हम अपने परिवार का भविष्य बेहतर बना पाएंगे।



# स्व सहायता समूह को मिले गणवेश सिलाई का कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

महिला स्व सहायता समूह द्वारा छत्तीसगढ़ हाथ करधा से गणवेश सिलाई कार्य हेतु आदेश नहीं मिलने से नाराज महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर आवेदन दिया और मांग की पूर्व की तरह गणवेश सिलाई कार्य कराने का आदेश जारी किया जाए।

- नाराज महिलाओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर सौंपा आवेदन और की मांग

ज्ञात हो शिक्षा विभाग अंतर्गत प्राथमिक, मिडिल स्कूलों में महिला स्व सहायता समूह द्वारा गणवेश सिलाई कार्य विगत 20 वर्षों से छत्तीसगढ़ हाथ करधा विभाग के मार्फत किया जाता रहा है, लेकिन अब तक वर्ष 26-27 का गणवेश सिलाई का आदेश जारी नहीं किया गया है, जिसे लेकर छत्तीसगढ़ हाथ करधा विभाग में सिलाई कार्य कर रही महिलाओं के समूह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराते जल्द ही सिलाई कार्य करने आदेश जारी करने का अनुरोध किया। बता दे गणवेश सिलाई कार्य में प्रदेशभर से तीस हजार से अधिक महिलाएं इस कार्य को कर रही है। अगर सिलाई कार्य का आदेश महिलाओं के समूह को नहीं दिया गया तो महिलाओं को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। विदित हो महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं समूह को शासन के योजना के लखपति दीदी बना प्रोत्साहित कर रही है।

### गढ़फुलझर में सतनामी समाज की तैयारी बैठक, गुरु दर्शन प्रकाश पर्व 2 दिसंबर को

**बसना।** गुरु घासीदास सेवा संस्थान गढ़फुलझर के गढ़ परिसर में रविवार को दोपहर 2 बजे सतनामी समाज एवं मेला कमेटी की बैठक हुई। जिसमें प्रमुख रूप से आगामी 2 दिसंबर को गुरु दर्शन प्रकाश पर्व पर चर्चा की गई। इसमें फुलझर अंचल के सभी ग्रामों से आए प्रमुख कार्यकारिणी सदस्य के समक्ष कार्यक्रम के रूपरेखा बनाई गई। बैठक में लखन कुर्रे, नरेंद्र बोरे, खोलबहारा निराला, मिलापराम, हेमंत लिलेश्वर कोसरिया, जीवन कुशाल, लाभीदास, ताजाराम, अजीत महिलांग, कन्हैया आदि मौजूद रहे। अंत में मिलाप राम ने सभा का समापन किया।

### गुड़ेलाभाठा में बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने तथा समाज में एकता का लिया संकल्प

**महासमुंद।** ग्राम गुडेला भाठा में महान आदिवासी क्रांतिकारी धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए संदेशों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम में समाज सेवक आत्माराम मारकंडे अपने उद्बोधन में कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज की जमीन, संस्कृति और सम्मान की रक्षा के लिए अंग्रेज शासन के खिलाफ उलगुलान जैसा ऐतिहासिक आंदोलन चलाया। बहुत कम उम्र में उन्होंने पूरे समाज को एकजुट करने का काम किया, जिसका प्रभाव आज भी दिखाई देता है। ग्राम पंचायत सरपंच ऋतु निषाद जोहत नेअपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में बिरसा मुंडा के विचार अबुआ दिशुम, अबुआ राज (हमारी धरती, हमारा राज) और सामाजिक सुधार के संदेश पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में पंच हेमिन बाई, पंच आशाबाई, पंच गौरी बाई ग्राम पटेल लक्ष्मण ठाकुर, क्लेश ठाकुर, बलराम खड़िया, पुरुषोत्तम ठाकुर, उपस्थित थे युवाओं ने आदिवासी नायकों के योगदान पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत सचिव भेखराम बरिहा ने किया।

# सोहम हॉस्पिटल में लगा फ्री स्टोन एवं प्रोस्टेट कैंप, लेजर तकनीक से 9 निःशुल्क सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

सोहम हॉस्पिटल में 16 नवंबर को आयोजित फ्री किडनी स्टोन एवं प्रोस्टेट चिकित्सा शिविर में कुल 9 निःशुल्क सर्जरी सफलतापूर्वक की गईं। इस विशेष शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सभी ऑपरेशन अत्याधुनिक लेज़र तकनीक से किए गए, जिसमें एक भी टांका नहीं लगा। बिना टांके की प्रक्रिया होने से मरीजों को तेज़ और आरामदायक रिकवरी मिली तथा अधिकांश मरीज जल्दी घर लौट पाए।

यह उन्नत तकनीक क्षेत्र के मरीजों के लिए बड़ा लाभ साबित हुई। शिविर का नेतृत्व प्रमुख यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. आकाश अग्रवाल और डॉ युगल चंद्राकर ने किया। उनकी कुशल टीम ने नवीनतम उपकरणों का उपयोग कर सभी सर्जरी को सुरक्षित एवं प्रभावी तरीके से पूरा किया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह का उच्चस्तरीय और निःशुल्क शिविर सामान्यतः बड़े शहरों में ही उपलब्ध होता है, लेकिन सोहम हॉस्पिटल इसे जनहित में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करा रहा है। सोहम हॉस्पिटल ने यह भी घोषणा की कि ऐसे फ्री लेज़र स्टोन एवं प्रोस्टेट सर्जरी कैंप हर महीने, अधिकतर तीसरे रविवार को, नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। जिन मरीजों को किडनी स्टोन या प्रोस्टेट की समस्या है, वे इस शिविर में आकर निःशुल्क जांच और सर्जरी का लाभ ले सकते हैं। यह पहल क्षेत्र के लोगों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं और बेहतर स्वास्थ्य का अवसर प्रदान करती रहेगी।






### बूढ़ादेव भवन में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

**महासमुंद।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती 15 नवंबर को बूढ़ादेव भवन में मनाई गई। इस मौके पर आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के प्रमुखों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण किया गया। एसपी ध्रुव, आरके गजनिये, नाथू पोडेटी, सरजू सिंह कुंजाम, डमरूघर मांझी ने भगवान बिरसा मुंडा द्वारा किए गए अविस्मरणीय कार्य से समाज के युवाओं को तत्पर रहने प्रेरित किया। साथ ही समाज उत्थान में आवश्यक सहयोग अपील की गई। इस अवसर पर एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं जिला सचिव सर्व आदिवासी समाज, आरके गजनिये पूर्व पदाधिकारी बौद्ध महासभा महासमुंद, एनएल ध्रुव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जन जाति शासकीय सेवक विकास संघ, नाथू राम पोडेटी गोंडी धर्म प्रचारक ग्राम जलकी, जुगल किशोर नेताम सानाजिक कार्यकर्ता ग्राम ठुमसा, सरजू सिंह कुंजाम अध्यक्ष ब्रम्हनेश्वर परिक्षेत्र, परसकोल से डमरूधर मांझी, सनमान सिंह दीवान सेवानिवृत्त जिला उद्यान अधिकारी, बीएस नेताम सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी, टीआर ध्रुव, ताराचंद ध्रुव आदि मौजूद रहे।



### पिटियाझर सोसाइटी में नहीं हुई धान खरीदी

**महासमुंद।** पिटियाझर सोसाइटी में कर्मचारी, प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल में रहने के कारण प्रभारी बनाए गए कर्मचारी ने धान खरीदी से इनकार किया। सोसाइटी में चार किसानों का टोकन था। जिसमें ग्राम खरोरा से देवदत्त चंद्राकर एवं रोहित चंद्राकर द्वारा करीब डेढ़ सौ क्विंटल धान लाया गया। सरकार द्वारा कर्मचारियों की व्यवस्था न होने के कारण खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई। शाम 4 बजे वापस किसानों द्वारा धान को ले जाया गया। खरीदी नहीं होने से आज किसानों का टोकन निरस्त हो गया। अब न जाने कब धान बेच पाएंगे, किसान चिंता में है। सरकार से नाराजगी जाहिर करते हुए किसानों ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द हड़ताली कर्मचारियों को वापस लाएं एवं धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित करें।

# दुरुगपाली में धूमधाम से मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलप



ग्राम दुरुगपाली में सर्व आदिवासी समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर अध्यक्ष सर्वआदिवासी समाज, मनराखन ठाकुर अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज, मोहित ध्रुव पूर्व सदस्य मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और गोलू रावल रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर इष्ट देवी देवता की पूजा अर्चना कर किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ग्राम में सर्व आदिवासी समाज द्वारा रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के वीर योद्धा थे, जिन्होंने हमेशा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कार्य किया तथा हमेशा समाज के लिए तत्पर रहते थे, जिन्होंने अपने प्राण की चिंता किए बिना समाज सेवा में लगे रहे, ऐसे वीर योद्धा के बारे में हमें अपने समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को चाहिए कि शिक्षा के प्रति हमेशा सजग रहे और अपने आप को जागरूक रखे, जिससे समाज आगे बढ़ सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लुकेश ध्रुव ने किया। इस अवसर पर जनपद सभापति सृष्टि ध्रुव, जनपद सदस्य नारायण ध्रुव, डॉ नरेश ध्रुव, अनूप पोडेटी, शिवचरण ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, दिनेश कालसा, डॉ नरेंद्र ठाकुर, हरिराम नेताम, सुखसिंह ध्रुव, गाड़ाराय भोई, नरेश ध्रुव, विष्णु बरिहा, ओमप्रकाश मलिक, बरतलाल मांझी, दिनेश ध्रुव, शिव भोई, किशोर भोई, हेमलाल भोई, नयन ध्रुव एवं सगाजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय कैंप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा एनएसएस राज्य नोडल अधिकारी डॉ नीता बाजपेई एवं जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन एवं शाला के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे, अनीता जी रावटे, प्राचार्य एम निवास राव के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पिरदा में किया गया। इस शिविर में प्रातः प्रभात फेरी एवं व्यायाम बौद्धिक परिचर्चा के लिए अलग-अलग विभाग से आए हुए अधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को विभाग संबंधी जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें बच्चों को स्वास्थ्य विभाग, पशु एवं चिकित्सा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आयुर्वेद, यातायात पुलिस आदि विभागों द्वारा जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें आपातकालीन नंबर एवं पशुओं का देखभाल एवं चिकित्सा गर्भवती महिलाओं के लिए सुविधा इत्यादि बिंदुओं पर लोगों को जानकारी प्रदान की गई। स्वयंसेवकों द्वारा स्कूली बच्चों को व्यायाम खेल एवं उनके कक्षाओं में जाकर उन्हें कविता गीत योग एवं अंग्रेजी में अपना परिचय कैसे दें इत्यादि सिखाया। स्वयंसेवकों को गुलाब फूल का पॉलीहॉउस, तुमगांव में स्थित करणी कृपा प्लांट एवं ग्राम का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने अलग-अलग प्रकार की उत्पादन संबंधी जानकारी प्राप्त किया।

स्वयंसेवक को आयुर्वेदिक संबंधी जानकारी के लिए किशोर चंद्राकर (आयुर्वेद विशेषज्ञ) ने आयुर्वेद शाला भी ले जाया गया जहां उन्होंने अलग-अलग प्रकार की जड़ी बूटियां फलों एवं उसके विशेषताओं के बारे में जाना एवं मति अमर सृष्टि चंद्राकर, अमर चंद्राकार ने स्वयंसेवकों को पढ़ाई एवं भविष्य में आने वाली परिस्थितियों से निपटने के विषयों पर चर्चा की। शिविर के अंतिम दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत पिरदा के सरपंच श्यामकुमारी पटेल, संजय पटेल उपसरपंच, मुकेश पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में किशोर चंद्राकर, पिलोचन चंद्राकर, डॉक्टर युगल चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, शीतल चंद्राकर, तोषण पटेल, रविंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, सूरज, सुरेश पटेल, ललित ध्रुव, दिलीप असगर, दिलीप कुमार पटेल, बिसंबर साहू,, मिलाप ध्रुव, नरेश पटेल का पुष्पगुछ से स्वागत किया गया। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को पढ़ाई एवं समाज के प्रति सेवा के लिए एवं ग्राम पिरदा में शिविर लगाने के लिए सराहना करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। तत्पश्चात स्वयंसेवक एवं ग्रामीण बच्चों द्वारा मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पश्चात शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में शामिल विद्यार्थियों को स्कूली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आभार प्रदर्शन गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम के प्राचार्य राव ने किया। शिविर जानकारी कार्यक्रम अधिकारी अनीता बंजारी ने दी। शिविर में सोनिया बांदे, तन्मय गिरी गोस्वामी, अनुज सोना का विशेष योगदान रहा।

### भागवत कथा में कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का किया गया वर्णन

**महासमुंद।** बागबाहरा शहर के वार्ड नंबर 12 तेंदूलोथा में जारी श्रीमद भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ 11 नवंबर को हुआ। संतोष इंदिरा चंद्राकर द्वारा आयोजित उक्त भागवत कार्यक्रम 19 नवंबर तक जारी रहेगा। भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन कृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कथावाचक आचार्य नारायण शुक्ला ने गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति के रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान कृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास रचा। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया।

## पेज 9 के शेष

### वेयर हाउस से...

वर्षों से बिना वजन के ट्रक खाली कराए जाते रहे हैं, जिसके कारण पंचायतों की सोसायटीयां सैकड़ों क्विंटल के नुकसान में पहुंच चुका हैं और अब प्रशासन यह घाटा संचालकों से वसूल रहा है, जबकि असल गड़बड़ी परिवहन और वियरहाउस स्तर पर हो रही है।

### पैसों के लेन...

पर प्रार्थी एवं उसकी पत्नी, सास, पुत्र, डेढ साला सभी तैयार हो गये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिमगा में आरोपीगण के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 115 (2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी अगमदास दिवाकर, धरमदास दिवाकर एवं हिरऊ दास दिवाकर को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को जेल भेजा गया है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 नवम्बर 2025
SHOW TIME
एम.ए प्रीवियस सीजी
शो समय - 12:00, 6:00 PM
माटी सीजी
शो समय - 03:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# भागवत कथा सुनने से कई जन्मों के पापों का होता है क्षय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम बेल्दार सिवनी में वर्मा परिवार की ओर से आयोजित हो रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन सोमवार को पंडित सुखदेव शर्मा ने राम जन्म और कृष्ण अवतार की कथा का विस्तार बताया। व्यास पीठ से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ-साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धन संपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोह ग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है, तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। देवताओं को डर सताने लगा कि राजा इन्द्र की गद्दी पर आसीन नहीं हो जाए। इस पर देवताओं ने भगवान विष्णु के पास जाकर याचिका लगाई। भगवान विष्णु ने वामन अवतार का वेश धरा और राजा बलि के पास पहुंचकर तीन पैर की जमीन मांग ली। राजा बलि ने यह वचन दे दिया और भगवान ने विशालकाय रुप लेकर तीनों पैरों में ही संसार को नाप लिया।

## बेल्दार सिवनी में भागवत महापुराण सप्ताह जारी



### वामन अवतार की आकर्षक झांकी भी सजाई गई

वामन ऋषि कश्यप तथा अदिति के पुत्र थे। वह आदित्यों में 12वें थे। ऐसी मान्यता है कि वह इंद्र के छोटे भाई थे। वामन को तीन पैरों वाला दर्शाया गया है। त्रिविक्रम रुप में एक पैर धरती पर दूसरा आकाश पर तथा तीसरा बलि के सिर पर। भागवत कथा के अनुसार विष्णु ने इंद्र का देवलोक में पुनः अधिकार स्थापित करने के लिए यह अवतार लिया। कथा के दौरान वामन अवतार की आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी। वहीं तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली जैसे अनेक मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा के परायणकर्ता पंडित नारायण ने बताया कि 20 नंवबर तक आयोजित भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहती है।

## खबर संक्षेप



### पालिका में एसआईआर का पुनरीक्षण जारी

**सिमगा।** नगर पालिका के शंकर नगर वार्ड 5 एवं बूथ क्रमांक 32 में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का काम चल रहा है, जिसमें बूथ लेवल ऑफिसर प्रीतीश कुमार एवं निरंजन कुमार वर्मा के साथ सहकर्मी नुसरत बानो व बूथ लेवल एजेंट परस पाटकर द्वारा वार्ड में घर-घर जाकर 2003 के मतदाता सूची के आधार पर सर्वे करते हुए मतदाताओं का फार्म भरवाया जा रहा है।

### विकास कार्य के लिए उप मुख्यमंत्री साव ने दी 5 करोड़ की मंजूरी



**सिमगा।** पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा की पहल पर भाजपा नेता अनिल पांडेय एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी के नेतृत्व में नगरपालिका सिमगा के पार्षदों ने उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से सौजन्य भेंट कर नगरपालिका सिमगा के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य हेतु राशि प्रदान करने की मांग की। इसे मंत्री अरूण साव ने सहर्ष स्वीकार कर विकास कार्य के लिए 5 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल पांडेय, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, पार्षद टेबू देवांगन, रूझून सोनकर, माया सलूजा, परस पाटकर आदि ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### एथलीट गंगेश्वर ने जीता कांस्य पदक

**रायपुर/भिलाई।** चेन्नई में हुई एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के एथलीटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और संयंत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में गंगेश्वर देवांगन, सुरेश कुमार पुसरिया, प्रवीण कुमार चाफले , भागवत राम नेताम और ज्ञान सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। गंगेश्वर ने 60 प्लस आयु वर्ग की 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर उप महाप्रबंधक व ओलंपियन राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, बीएसपी एथलेटिक क्लब के उपाध्यक्ष एवं सहायक महाप्रबंधक परविंदर सिंह तथा कोच अनिरुद्ध ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

### जान से मारने की धमकी, मारपीट

**महासमुंद।** एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी और मारपीट करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी अश्विनी साहू निवासी कोसरंगी ने बताया कि इस वर्ष नया हार्वेस्टर नया लिया, जिसे राजा साहू और जितेंद्र साहू चलाते हैं।

## निधन

### मुंगेशिया बाई वर्मा

मुंडा। ग्राम परसापाली निवासी



मुंगेशिया बाई वर्मा 82 वर्ष का निधन हो गया। वे जानकी बाई, दिलकुमारी, नर्मदाबाई वर्मा के माता तथा योगेश, कमलेश, बंशी, भारत, भुनेश्वर, बृजेश के दादी मां थीं। उनका अंतिम संस्कार महानदी खंड में किया गया, जहां ग्रामवासी व सजातीय सदस्य भारी संख्या में सम्मिलित रहे।

## बैठक : जिला प्रभारी सचिव ने लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण और पेयजल पर की समीक्षा

# सभी केंद्रों में हो सुचारु रूप से धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- बाधा उत्पन्न करने वालों पर करें त्वरित कार्रवाई
- बाहरी धान आवक रोकने चेक पोस्ट पर कर्मचरियों की तैनाती




जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्य बताते हुए सभी उपार्जन केंद्रों मे धान खरीदी सुचारू रूप से सुनिश्चित करने तथा धान खरीदी मे किसी अधिकारी - कर्मचारी द्वारा बाधा उत्पन्न करने पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी उपस्थित थे।

प्रभारी सचिव ने जिले मे धान खरीदी की तैयारी, एग्रीस्टेक में किसानों का पंजीयन, पंजीयन के लिये छूटे हुए किसान, उड़नदस्ता दल का गठन, चेक पोस्ट पर कर्मचारियों की तैनाती, नोडल अधिकारियो की नियुक्ति इत्यादि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी धान खरीदी केंद्रों मे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो, ताकि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी कार्य को अति आवश्यक सेवा मानते हुए अति आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून लागू किया है, जिसके तहत धान खरीदी से इंकार करने या बाधा उत्पन्न करने वालों पर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि धान बेचने में कोई भी पात्र किसान न छूटे, पंजीयन के लिये शेष किसानों का शीघ्र पंजीयन कराएं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी उपार्जन केन्द्र में किसानों से चर्चा करें और उनसे समस्या जानने का प्रयास करें। यदि पिछले वर्ष की व्यवस्था की तुलना में इस बार कोई कमी हो तो उसमें सुधार लाएं। उपार्जन केन्द्र से धान का नियमित उठाव हो, ताकि केन्द्र में जाम की स्थिति निर्मित न हो।

प्रभारी सचिव ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण और पेयजल पर जोर देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाई उपलब्ध हो, उच्च इलाज के नाम पर अनावश्यक रूप से मरीजों को रिफर न किया जाए। गंभीर कुपोषित बच्चों का एनआरसी के माध्यम से देखभाल हो।

कुपोषण दूर करने लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने विगत वर्ष बोर्ड परीक्षा मे बेहतर परिणाम की सराहना करते हुए जस वर्ष भी लय बरकरार रखने उससे बेहतर परिणाम लाने कहा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के कार्य मे तेजी लाने तथा पानी टंकियों की सफाई व पानी व्यर्थ न बहे इसके लिये उपाय करने कहा। इस तरह आश्रम छात्रावास के बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के भी निर्देश दिये।

## चौरेंगा स्कूल में लगा एफएलएन मेला



**सिमगा।** प्राथमिक शाला चौरेंगा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता आधारित एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत प्रधान पाठक एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा आनंद के साथ सीखने पर जोर देते हुए टी एल एम का निर्माण कर विभिन्न स्टाल लगाये गये। इन स्टालों में क ख ग, राजा-रानी, आओ घटाएं, कौन पहले कौन बाद में, बॉडी पार्ट, जादू की पोटली प्रमुख है। सभी कक्षाओं के बच्चे बारी-बारी से मेले में सीखने के लिए आते गये और प्रश्नों का उत्तर देते और पूछते हुए कार्यक्रम का आनंद लिए। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधान पाठक के नेतृत्व में राज गीत के साथ हुआ, जिसमें 130 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही साथ बाल दिवस का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रधान पाठक मनीराम साहू द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर पेन व चॉकलेट वितरित किया गया। बच्चों द्वारा चाचा नेहरू को याद करते हुए गीत कविता प्रस्तुत किया गया।

# गौधाम का निरीक्षण करने पहुंचे पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- गौ तस्करी की सूचना तुरंत देने की अपील की

विकासखंड के ग्राम कामता एवं किरवई के गौधाम का निरीक्षण गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष विजय कुमार साहू एवं विकासखण्ड अध्यक्ष गगन तिवारी व सदस्यों आकाश यादव, सोनल यादव द्वारा किया गया। इस दौरान किरवई सरपंच एवं कामता के उपसरपंच एवं उपस्थित ग्रामीणों को गौधाम योजना की जानकारी देते हुए निर्माणाधीन शेड निर्माण एवं पेयजल की व्यवस्थाओं एवं पशु चिकित्सा की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

जिला अध्यक्ष विजय साहू ने ग्रामीणों से कहा कि गौ माता की सेवा ही परम पूण्य का कार्य है, इसमें बढ़ चढ़ कर भाग ले साथ ही संरक्षण संवर्धन की चिंता प्रत्येक ग्राम या नगर के जनप्रतिनिधियों को करनी चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष गगन तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा बहुत ही अच्छी योजना लागू की गई है, जिससे गौधाम योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पंजीकृत संस्थाओं द्वारा जिला अथवा विकासखण्ड पशुचिकित्सालय में आवेदन जमा कर सकते हैं, जिससे घुमन्तु गौ माता का एवं उनसे होने वाली सड़क दुर्घटना से मानवो एवं गौवंश की सुरक्षा एवं पुनर्वास सुनिश्चित होगी।

इसके साथ ही यदि कहीं गौ तस्करी आदि हो रही है, तो इसकी सूचना तत्काल हमें दे हमारे सिमगा के गौ सेवक तत्काल कार्यवाही करवाने हेतु उपस्थित रहेंगे।

# परमेश्वरी महापुराण कथा के समापन पर झांकी का आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



नगर में सप्ताहभर से चल रही संगीतमय माता परमेश्वरी महापुराण कथा का रविवार को गोत्र उत्पत्ति की पावन कथा के साथ पुर्णहूति हुई। सात दिनों तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं और पूरे देवांगन समाज की अपार भीड़ उमड़ी रही। प्रतिदिन कथा स्थल पर भक्तगण आरती, भजन और प्रवचन के माध्यम से भक्ति की रस में सराबोर होते रहे। कथा का श्रवण माता की नगरी चंद्रपुर के युवा कथा वाचक छोटू भूपेंद्र देवांगन के श्रीमुख से हुआ, जिन्होंने अपने सारगर्भित प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मोहित कर लिया। कार्यक्रम में 7 दिनों तक सभी श्रोताओं व अतिथियों के लिए भोजन प्रसाद का प्रबंध किया गया था और समापन मे हजारों लोगों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। आयोजन के अंतिम दिन 16 नवम्बर को दोपहर 3 बजे माता परमेश्वरी की भव्य झांकी, डीजे बाजे गाजे और काली माता की टीम की भव्य प्रस्तुति के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विसर्जन हेतु बड़े तालाब पहुंची। जहां माता की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया।

## बालिकाओं ने प्रस्तुत किया नृत्य ...



**खरोरा|** राष्ट्रीय जनजाति पखवाड़ा 1 से 15 नवंबर तक मनाया गया, जिसमें प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला टोहड़ा की बालिकाओं ने जनजातीय गौरव पर आधारित छत्तीसगढ़ के आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर अभिनय के रूप में प्रस्तुत किया।

## एफएलएन मेले में छात्रों ने लगाए स्टाल



**भटगांव।** प्राथमिक शाला घाना में बाल दिवस एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवी के बच्चों ने लगभग 16 स्टॉल लगाए गए, जिसमें भाषाई कौशल गणितीय कौशल व अंग्रेजी विषय से संबंधित स्टाल थे। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामनाथ यादव एवं उपाध्यक्ष रविता टंडन, निरीक्षण कर्ता प्रसन्न कुमार चंद्रा, तिहारीन बाई, सुकवारा बाई, नेहा टंडन, नीराबाई साहू, राजेश्वरी टंडन, मोहर बाई टंडन, सोनी कुर्रे, नीरू कुर्रे, संजय कुमार यादव, खीक बाई, सविता बाई साहू सहित गणमान्य नागरिकों ने शाला के बच्चों के साथ मेला का आनंद लिया। मेला में स्टॉल लगाने वह संसाधन उपलब्ध कराने में शाला के प्रधान पाठक राजेश कुमार देवांगन एवं कक्षा पांचवी के अनामिका कुमारी साहू ने विशेष सहयोग किया।

## खनिज सुरक्षा विषय पर माइन कर्मियों में दी नाट्य प्रस्तुति

# संयंत्र ने मनाया खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






अल्ट्राटेक सीमेंट रावन की गुमा एवं रावन चूना पत्थर खदान में 9वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में निरीक्षण दल मनीष जायसवाल डीजीएम-सेल, एसके चौधरी एजीएम-एनएमडीसी एवं एस लिप्सामयी डिप्टी मैनेजर-सेल ने रावन एवं गुमा स्थित सीएसआर सेंटर का भ्रमण किया।

यहां ड्रेस मेकिंग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण, प्लम्बर प्रशिक्षण एवं पर्यावरण आधारित रंगोली जैसी गतिविधियों का निरीक्षण कर प्रशिक्षणार्थियों से उनके अनुभव और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई।

रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात निरीक्षण दल ने रावन-झीपन खदान का भी अवलोकन किया। द्वितीय चरण के कार्यक्रम में माइनिंग प्रबंधन की ओर से माइन प्रमुख एम. सेथिल, खान प्रबंधक रमेश नकुम एवं मैनेजर जियोलॉजी कमलेश चंद्राकर ने सतत एवं सुरक्षित खनन तकनीकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं खनिज सुरक्षा विषय पर माइन कर्मियों द्वारा नाट्य प्रस्तुति दी गई। साथ ही आस-पास के ग्रामों के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

